# TEST-04

Q1. निम्नलिखित में से कौन सा ईर्ष्या का पर्यायवाची शब्द नहीं है -
**(A)** कुढ़न **(B)** द्वेष
**(C)** डाह **(D)** उत्कंठा

Q2. निम्नलिखित में से कौन सा वस्त्र का पर्यायवाची शब्द नहीं है -
**(A)** पट **(B)** मयूख
**(C)** चीर **(D)** वसन

Q3. निम्नलिखित में से कौन सा किरण का पर्यायवाची शब्द नहीं है -
**(A)** तुषार **(B)** अंशु
**(C)** रश्मि **(D)** मरिचि

Q4. निम्न में से कौन सा कामदेव का पर्यायवाची शब्द है -
**(A)** पारिजात **(B)** मधुसूदन
**(C)** अरविंद **(D)** मन्मथ

Q5. निम्नलिखित में से आकाश का पर्यायवाची शब्द कौन सा है -
**(A)** व्योम **(B)** दृग
**(C)** मंदाकिनी **(D)** अजिर

Q6. निम्नलिखित में से कौन सा घोड़ा का पर्यायवाची शब्द है -
**(A)** नग **(B)** तुरंग
**(C)** कृशानु **(D)** अटवी

Q7. निम्नलिखित में से कौन सा एक पर्यायवाची की दृष्टि से अन्य सभी से भिन्न है -
**(A)** महीधर **(B)** मेरू
**(C)** भूषण **(D)** तुंग

Q8. निम्नलिखित में से कौन सा एक पर्यायवाची की दृष्टि से अन्य सभी से भिन्न है -
**(A)** शुक **(B)** कीर
**(C)** द्रुम **(D)** सुआ

Q9. निम्नलिखित में से कौन सा पर्यायवाची की दृष्टि से अन्य सभी से भिन्न है -
**(A)** समीर **(B)** केतन
**(C)** मारुत **(D)** प्रभंजन

Q10. पर्यायवाची की दृष्टि से निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है -
**(A)** यश - कीर्ति
**(B)** मद्य - आसव
**(C)** यमुना - रविसुत
**(D)** वर्षा - पावस

Q11. 'सभी मिलकर स्कूल जाता है' वाक्य का शुद्ध रूप होगा-
**(A)** सभी मिलकर स्कूल गए।
**(B)** सभी मिलकर साथ स्कूल जाते हैं।
**(C)** सभी मिलकर स्कूल जाते हैं।
**(D)** सभी साथ स्कूल जाते हैं।

Q12. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य सही है?
**(A)** श्री राम चौदह वर्ष के बाद वन से वापस लौटे।
**(B)** श्री राम चौदह वर्ष के बाद वनवास से वापस लौटे।
**(C)** श्री राम चौदह वर्ष बाद वन से वापस लौटे।
**(D)** श्री राम चौदह वर्ष के बाद वन से लौटे।

Q13. 'जीवन और साहित्य का घोर संबंध है'- वाक्य का शुद्ध रूप कौन सा है?
**(A)** जीवन और साहित्य में निकट संबंध है।
**(B)** जीवन और साहित्य का घनिष्ठ संबंध है।
**(C)** जीवन और साहित्य का पास का संबंध है।
**(D)** जीवन और साहित्य में परस्पर संबंध है।

Q14. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य शुद्ध है?
**(A)** उसने अपनी कमाई का अधिकांश भाग गवाँ दिया है।
**(B)** वह अपनी कमाई का अधिकांश भाग गवाँ बैठा।
**(C)** उसने कमाई का अधिकांश भाग गवाँ डाला।
**(D)** उसने अपनी कमाई का अधिकांश गवाँ दिया।

Q15. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य शुद्ध है?
**(A)** यह आपकी अनाधिकार चेष्टा है।
**(B)** यह आपकी अनधिकार चेष्टा है।
**(C)** यह आपकी चेष्टा अनाधिकार है।
**(D)** यह चेष्टा आपका अनाधिकार है।

Q16. वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द शुद्ध है?
**(A)** विवर्त **(B)** ज्योत्सना
**(C)** विरहणी **(D)** उत्कर्षता

Q17. अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन करें?
**(A)** निरपेक्ष **(B)** अनधिकार
**(C)** पौराणीक **(D)** देदीप्यमान

Q18. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी का चयन करें-
**(A)** स्वास्थ्य **(B)** झज्जर
**(C)** बुधवार **(D)** उपलक्ष्य

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q19. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन करें-
**(A)** आप सचमुच भाग्यमान है।
**(B)** उनका प्रयत्न निष्फल गया।
**(C)** गर्मी से पहले बसंत ऋतु होती है।
**(D)** हिंदी राजभासा है।

Q20. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी का चयन करें-
**(A)** चावल **(B)** धुरंधर
**(C)** गवार **(D)** जंजीर

Q21. 'घरेलू गाय में बहुत ज्यादा दूध होता है।। ' उक्त वाक्य में है:-
**(A)** एक विशेषण, एक विशेष्य
**(B)** दो विशेषण, दो विशेष्य
**(C)** दो विशेषण,तीन विशेष्य
**(D)** तीन विशेषण, दो विशेष्य

Q22. 'चालीस सेर घी' में विशेषण है:-
**(A)** निश्चित परिमाण बोधक विशेषण
**(B)** अनिश्चित परिमाण बोधक विशेषण
**(C)** पूर्णांक बोधक विशेषण
**(D)** अपूर्णांक बोधक विशेषण

Q23. निम्न में कौन विशेषण शब्द है ?
**(A)** सिद्धि **(B)** आकर्षण
**(C)** अध्ययन **(D)** मानव

Q24. 'मिश्रा जी मेला से सत्तर किलो दाल, बीस किलो आलू और दस किलो प्याज लेकर आइये ।' उक्त वाक्य में कुल कितने विशेषण है?
**(A)** 2 **(B)** 3
**(C)** 4 **(D)** 5

Q25. सुमेलित नहीं है:-
**विशेष्य विशेषण**
**(A)** पंजाबी पंजाब
**(B)** सुन्दरता सुंदर
**(C)** क्रय क्रीत
**(D)** स्वर्ण स्वर्णिम

Q26. निम्न में कौन सा शब्द विशेषण है ?
**(A)** सफल **(B)** प्रेमी
**(C)** भलाई **(D)** अधर्म

Q27. निम्न में कौन सा शब्द विशेषण नहीं है ?
**(A)** लोभी **(B)** सिद्धान्त
**(C)** सैंधव **(D)** नागरिक

Q28. 'शेरू शर्मा जी का पालतू कुत्ता है।' निम्न में मुख्य विशेषण है ?
**(A)** शेरू **(B)** शर्मा जी
**(C)** कुत्ता **(D)** पालतू

Q29. ' इक्कीसवाँ' में कौन सा विशेषण है?
**(A)** गुणवाचक **(B)** क्रमवाचक
**(C)** परिमाणवाचक **(D)** सार्वनामिक

Q30. ' अच्छे लोग सुबह उठते हैं।' उक्त वाक्य में विशेषण कौन है ?
**(A)** उठते **(B)** अच्छे
**(C)** लोग **(D)** उपर्युक्त में कोई नहीं

Q31. निम्नलिखित में से कौन सा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है ?
**(A)** सुदिन – कुदिन
**(B)** अशन – अनशन
**(C)** वरिष्ठ – कनिष्ठ
**(D)** अथ – इति

Q32. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है ?
**(A)** साहचर्य – अलगाव
**(B)** ग्रस्त – मुक्त
**(C)** सगुण – दुर्गुण
**(D)** अमर – मर्त्य

Q33. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है?
**(A)** आदृत – तिरस्कृत
**(B)** उद्धत – विनीत
**(C)** उपमेय – अनुपादेय
**(D)** ऋद्धि – विपन्न

Q34. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है?
**(A)** उर्वर – ऊसर
**(B)** ईशान – नैऋत्य
**(C)** उन्मूलन – रोपण
**(D)** यथार्थ – आर्जव

Q35. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है?
**(A)** कृपण – उदार
**(B)** गृहस्थ – ब्रह्मचर्य
**(C)** गुणाढ्य – गुणहीन
**(D)** उद्भव – अनुदात्त

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

# TEST-04

Q36. निम्नलिखित में से कौनसा विलोम युग्म सुमेलित नहीं है?
**(A)** घातक – रक्षक
**(B)** झंकृत – दृढ
**(C)** तुष्ट – रुष्ट
**(D)** दाखिल – खारिज

Q37. निम्नलिखित में से असीम का विलोम शब्द है –
**(A)** सीम **(B)** वसीम
**(C)** ससीम **(D)** निश्चित

Q38. शब्द और उनके विलोम के सन्दर्भ में कौन सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** गृहीत - व्यक्त
**(B)** गुरुत्व - लघुत्व
**(C)** आकीर्ण - साकीर्ण
**(D)** क्रोध - क्षमा

Q39. शब्द और उनके विलोम शब्द के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
**(A)** अर्जित - उपलब्ध
**(B)** अदोष - सदोष
**(C)** अवेक्षा - अनवेक्षा
**(D)** आलोक - तिमिर

Q40. 'उन्मूलन' का विलोम है –
**(A)** आमुलन **(B)** निर्मूलन
**(C)** उत्मूलन **(D)** आरोपण

Q41. खाने से बचा हुआ झूठा भोजन के लिए एक शब्द है?
**(A)** बुभुक्षा **(B)** उच्छिष्ट
**(C)** पिष्टपेषण **(D)** निःसंग

Q42. जो स्त्री के वशीभूत या उसके स्वभाव जैसा है, के लिए एक शब्द है?
**(A)** स्त्रैण **(B)** असूर्यपश्या
**(C)** प्रियदर्शी **(D)** समदर्शी

Q43. पंद्रह दिन में एक बार होने वाले के लिए एक शब्द है?
**(A)** पाक्षिक **(B)** पन्द्रहत
**(C)** त्रैमासिक **(D)** मासिक

Q44. दो लोगों के बीच परस्पर होने वाली बातचीत के लिए एक शब्द है?
**(A)** कथित **(B)** कथोपकथन
**(C)** कानीन **(D)** किंवदंती

Q45. जिस स्त्री के एक ही संतान होकर फिर कोई संतान ना हुई हो, के लिए एक शब्द है?
**(A)** क्रीत **(B)** कुक्षिभर
**(C)** काकबंध्या **(D)** बंध्या

Q46. जिसके सर पर बाल ना उगे, के लिए एक शब्द है?
**(A)** खेचर **(B)** गुरुघ्न
**(C)** खल्वाट **(D)** चंपू

Q47. 'अनुश्रुति' शब्द के लिए एक वाक्य है?
**(A)** जो सुनने योग्य हो
**(B)** जो कानों को सुनने में कटु लगे।
**(C)** परंपरा से सुना हुआ
**(D)** सुनकर भी ना सुनने का नाटक करना

Q48. नित्य दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था, के लिए एक शब्द है?
**(A)** स्वेदज **(B)** सदावर्त
**(C)** त्रियामा **(D)** समष्टिमूलक

Q49. वह काव्य जिसका अभिनय किया जाए, के लिए एक शब्द है?
**(A)** वर्धमान **(B)** मद्यप
**(C)** रूपक **(D)** यथाशक्ति

Q50. 'रिक्थ' शब्द के लिए वाक्य है?
**(A)** कुछ लाभ पाने की चाह
**(B)** युद्ध करने की प्रबल इच्छा
**(C)** जीवन का खालीपन
**(D)** उत्तराधिकार से मिली जायदाद

Q51. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द कौन-सा है?
**(A)** अक्षर **(B)** आँसू
**(C)** गोस्वामी **(D)** यमुना

Q52. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द कौन-सा है?
**(A)** बच्चा **(B)** कास
**(C)** शब्द **(D)** रोम

Q53. निम्नलिखित में से ग़लत युग्म को पहचानिए-
**(A)** करौंदा- करमर्द
**(B)** खिचड़ी- कृसर
**(C)** गठना- ग्रंथन
**(D)** चमगादड़ - चत्वर

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

Q54. तद्भव से तत्सम बने सही शब्द-युग्म को चिन्हित कीजिए-
**(A)** पुरुषारथ - पुरुषार्थ
**(B)** भतीजा - भार्तज्य
**(C)** खटीआ - खट्वा
**(D)** सरजोना - सज्जापन

Q55. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द का चयन कीजिए-
**(A)** आशीष **(B)** कार्य
**(C)** केस **(D)** अग्नि

Q56. गलत युग्म को पहचानिए-
**तद्भव- तत्सम**
**(A)** फिटकरी- स्फटिक
**(B)** पल्ला- पल्लव
**(C)** नींबू - निम्ब
**(D)** तलवार - तखारी

Q57. निम्नलिखित में से कौन तत्सम नहीं?
**(A)** स्फूर्ति **(B)** तड़ाग
**(C)** त्योहार **(D)** दीपावली

Q58. निम्नलिखित में से तद्भव-तत्सम का कौन सा शब्द युग्म सही है?
**(A)** चौथा -चतुर्थ
**(B)** इतना- ईयत
**(C)** अड़सठ-अष्टजिष्ठ
**(D)** इकतीस- इकत्रिंशत

Q59. निम्नलिखित में से तद्भव -तत्सम का कौन सा शब्द युग्म सही है?
**(A)** चिड़िया- चटर्क
**(B)** पुराना- पुराण
**(C)** पनही- पाहन
**(D)** मौसी- मातृजा

Q60. निम्नलिखित शब्दों में से तद्भव शब्द कौन सा है?
**(A)** विसरना **(B)** गुंठन
**(C)** कटाह **(D)** रिक्त

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

## व्याख्यात्मक हल

**1. Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गये शब्दों में से कुढ़न, द्वेष, डाह ईर्ष्या के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि उत्कंठा शब्द इच्छा का पर्यायवाची है।

**2. Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गये शब्दों में से पट, चीर, वसन इत्यादि शब्द वस्त्र के पर्यायवाची हैं जबकि मयूख का अर्थ किरण होता है।

**3. Ans: A**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गए शब्दों में से अंशु, रश्मि, मरिचि आदि शब्द किरण के पर्यायवाची हैं जबकि तुषार शब्द ओस का पर्यायवाची है।

**4. Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त शब्दों में से मन्मथ कामदेव का पर्यायवाची शब्द है जबकि पारिजात कल्पवृक्ष का, मधुसूदन कृष्ण का और अरविंद कमल का पर्यायवाची शब्द है।

**5. Ans: A**
**Solution:** उपर्युक्त शब्दों में से व्योम आकाश का पर्यायवाची शब्द है जबकि दृग आँख का, मंदाकिनी आकाशगंगा का और अजिर आंगन का पर्यायवाची शब्द है।

**6. Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गये शब्दों में से तुरंग शब्द घोड़ा का पर्यायवाची है जबकि नग पर्वत का, कृशानु अग्नि का एवं अटवी जंगल का पर्यायवाची शब्द है।

**7. Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गये शब्दों में से महीधर, मेरू एवं तुंग पर्वत के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि भूषण का अर्थ गहना / आभूषण होता है इसीलिए विकल्प C अन्य से भिन्न है।

**8. Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गये शब्दों में से शुक, कीर एवं सुआ तोता के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि द्रुम का अर्थ वृक्ष होता है इसलिए विकल्प C अन्य सभी से भिन्न है।

**9. Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त दिये गये शब्दों में से समीर , मारुत एवं प्रभंजन हवा/पवन के पर्यायवाची हैं जबकि केतन ध्वज/झंडा का पर्यायवाची शब्द है इसलिए विकल्प B अन्य सभी से भिन्न है।

**10. Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त दिए गये शब्दों में से यश कीर्ति का, मद्य आसव का तथा वर्षा पावस का पर्यायवाची है जबकि रविसुत यमुना का नहीं बल्कि घोड़ा का पर्यायवाची शब्द है। इसलिए सही उत्तर विकल्प C होगा।

**11. Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप है 'सभी मिलकर स्कूल जाते हैं'।

**12. Ans: D**
**Solution:** शुद्ध वाक्य है- 'श्री राम चौदह वर्ष के बाद वन से लौटे'। 'वापस लौटे' दोनों शब्द समानार्थक भावों को व्यक्त करते हैं। अतः यहां पर दोनों शब्दों का साथ-साथ प्रयोग पुनरुक्ति दोष होगा।

**13. Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त वाक्य का शुद्ध रूप है- 'जीवन और साहित्य का घनिष्ठ संबंध है।' इसके अतिरिक्त दिए गए विकल्पों में अशुद्ध वाक्य प्रस्तुत किए गए हैं।

**14. Ans: D**
**Solution:** शुद्ध वाक्य है- 'उसने अपनी कमाई का अधिकांश गवाँ दिया।' प्रस्तुत वाक्य में अधिक अंश शब्द जुड़ा हुआ है जिसका अर्थ होता है- भाग। अतः अधिकांश के बाद भाग शब्द लगाना गलत है।

**15. Ans: B**
**Solution:** शुद्ध वाक्य है- 'यह आपकी अनधिकार चेष्टा है।' यहां पर वर्तनीगत दोष है अनाधिकार के स्थान पर अनधिकार शुद्ध शब्द है।

**16. Ans: A**
**Solution:** उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प A की वर्तनी शुद्ध है। अन्य शब्दों की शुद्ध वर्तनी इस प्रकार है- ज्योत्स्ना, विरहिणी, उत्कर्ष।

**17. Ans: C**
**Solution:** पौराणीक अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है। इसका शुद्ध रूप है पौराणिक। शेष वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है।

**18. Ans: B**
**Solution:** उपर्युक्त विकल्पों में से अशुद्ध वर्तनी है- 'झज्जर' जिसका शुद्ध वर्तनी होगा- झज्झर।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

**19. Ans: B**
**Solution:** 'उनका प्रयत्न निष्फल गया' एक शुद्ध वाक्य है। जबकि अन्य विकल्पों का शुद्ध रूप है- आप सचमुच भाग्यवान है, गर्मी से पहले वसंत ऋतु होती है, हिंदी राजभाषा है।

**20. Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त विकल्पों में अशुद्ध वर्तनी है- 'गवार' जिसका शुद्ध रूप है- 'गँवार'।

**21. Ans: B**
**Solution:** 'घरेलू' और 'बहुत ज्यादा' विशेषण है और ' गाय' तथा 'दूध' विशेष्य हैं।

**22. Ans: A**
**Solution:** पाँच गज कालीन, बीस गज मलमल,चालीस सेर घी इत्यादि निश्चित परिमाण बोधक विशेषण के उदाहरण हैं।

**23. Ans: D**
**Solution:** 'मानव', 'मनु' शब्द का विशेषण है।
**विशेष्य विशेषण**
सिद्धि सिद्ध
आकर्षण आकृष्ट
अध्ययन अधीत

**24. Ans: B**
**Solution:** उक्त वाक्य में 3 विशेषण हैं,सत्तर किलो,बीस किलो,दस किलो।

**25. Ans: A**
**Solution:** 'पंजाबी' गुणवाचक विशेषण है, जो स्थान विशेष की विशेषता बताता है।

**26. Ans: B**
**Solution:** 'प्रेमी' , प्रेम शब्द का विशेषण रूप है।

**27. Ans: B**
**Solution:** 'सिद्धान्त' विशेष्य शब्द है।'सिद्धान्त' का विशेषण ' सैद्धांतिक' होता है।

**28. Ans: D**
**Solution:** उक्त वाक्य में ' पालतू ' विशेषण है,जो गुणवाचक विशेषण है।

**29. Ans: B**
**Solution:** चौथा,ग्यारहवां, इत्यादि क्रमवाचक विशेषण के उदाहरण हैं।

**30. Ans: B**
**Solution:** इस वाक्य में 'अच्छे' विशेषण है,जो लोग की विशेषता बता रहा है।

**31. Ans: A**
**Solution:** सही विलोम शब्द युग्म निम्नलिखित है –
- सुदिन – दामिनी
- अशन – अनशन
- वरिष्ठ – कनिष्ठ
- अथ – इति

**32. Ans: C**
**Solution:** सुमेलित विलोम युग्म निम्नलिखित है –
- साहचर्य – अलगाव
- ग्रस्त – मुक्त
- सगुण – निर्गुण
- अमर – मर्त्य

**33. Ans: C**
**Solution:** उपर्युक्त विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है-
- आदृत – तिरस्कृत
- उद्धत – विनीत
- उपमेय – उपमान
- ऋद्धि – विपन्न

**34. Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है –
- उर्वर – ऊसर
- ईशान – नैऋत्य
- उन्मूलन – रोपण
- यथार्थ – कल्पित, आदर्श

**35. Ans: D**
**Solution:** उपर्युक्त विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है –
- कृपण – उदार
- गृहस्थ – ब्रह्मचर्य

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

- गुणाढ्य – गुणहीन
- उद्भव – अवसान

**36. Ans: B**

**Solution:** उपर्युक्त विलोम युग्म का सुमेल निम्नलिखित है –

- घातक – रक्षक
- झंकृत – निस्तब्ध
- तुष्ट – रुष्ट
- दाखिल – खारिज

**37. Ans: C**

**Solution:** असीम शब्द का विलोम ससीम है।

**38. Ans: C**

**Solution:** गृहीत शब्द का विलोम व्यक्त है, गुरुत्व शब्द का विलोम लघुत्व है। आकीर्ण शब्द का विलोम साकीर्ण नहीं बल्कि विकीर्ण होता है। क्रोध शब्द का विलोम क्षमा होता है।

**39. Ans: A**

**Solution:** अर्जित शब्द का विलोम अनर्जित होता है, अदोष का विलोम सदोष, अवेक्षा का विलोम अनवेक्षा एवं आलोक का विलोम तमस या तिमिर होता है।

**40. Ans: D**

**Solution:** उन्मूलन शब्द का विलोम आरोपण या रोपण होता है।

**41. Ans: B**

**Solution:**

●बुभुक्षा- खाने की इच्छा।

●उच्छिष्ट-खाने से बचा हुआ झूठा भोजन।

●पिष्टपेषण- कही हुई बात को बार-बार कहना।

●नि:संग- किसी के साथ संबंध ना रखने वाला।

**42. Ans: A**

**Solution:**

●स्त्रैण -जो स्त्री के वशीभूत या उसके स्वभाव जैसा

●असूर्यपश्या- जो स्त्री सूर्य भी ना देख सके।

●प्रियदर्शी- जो देखने में प्रिय लगे।

●समदर्शी- जो सबको समान भाव से देखें।

**43. Ans: D**

**Solution:**

●पंद्रह दिन में एक बार होने वाला- पाक्षिक

●माह में एक बार होने वाला- मासिक

●तीन महीने में एक बार होने वाला- त्रैमासिक

●छः महीने में एक बार होने वाला- अर्द्धवार्षिक, छमाही

**44. Ans: B**

**Solution:**

●कथोपकथन-दो लोगों के बीच परस्पर होने वाली बातचीत

●कानीन- जिसका जन्म अविवाहित कन्या के गर्भ से हुआ हो

●किंवदंती- जो बात पूर्व काल से लोगों से सुन कर प्रचलित हुई हो।

●कथित-जो कहा गया हो।

**45. Ans: C**

**Solution:**

●क्रीत- जिसे खरीद लिया गया हो।

●कुक्षिभर- केवल पेट भरने वाला।

●काकबंध्या-जिस स्त्री के एक ही संतान होकर फिर कोई संतान ना हुई हो।

**46. Ans: C**

**Solution:**

●खल्वाट- जिसके सिर पर बाल ना उगे।

●खेचर- जो नभ में चलता है।

●गुरुघ्न- गुरु की हत्या करने वाला मनुष्य।

●चंपू- गद्य पद्य मिश्रित काव्य।

**47. Ans: C**

**Solution:**

●जो सुनने योग्य हो- श्रव्य

●जो कानों को सुनने में कटु लगे- कर्णकटु

●परंपरा से सुना हुआ-अनुश्रुति

● सुनकर भी ना सुनने का नाटक करना-अनसुना

**48. Ans: B**

**Solution:**

●स्वेदज- पसीने से उत्पन्न होने वाला

●सदावर्त-नित्य दीन दुखियों को भोजन देने की व्यवस्था

● त्रियामा - रात्रि का तीसरा पहर

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

●समष्टिमूलक- संपूर्ण समाज से संबंधित

**49. Ans: C**

**Solution:**

●वर्धमान- जो बढ़ रहा हो

●मद्यप- जो शराब का आदी हो

●रूपक- वह काव्य जिसका अभिनय किया जाए

●यथाशक्ति- अपनी शक्ति भर।

**50. Ans: D**

**Solution:**

●उत्तराधिकार से मिली जायदाद-रिक्थ

●कुछ लाभ पाने की चाह-लिप्सा

●युद्ध करने की प्रबल इच्छा-युयुत्सा

**51. Ans: B**

**Solution:** आँसू तद्भव शब्द है इसका तत्सम 'अश्रु' है। जबकि अक्षर, गोस्वामी तथा यमुना तत्सम शब्द है इनके तद्भव शब्द क्रमशः आखर, गोसाईं तथा जमुना है।

**52. Ans: A**

**Solution:** बच्चा तद्भव शब्द है इसका तत्सम वत्स होता है। इसी प्रकार शब्द का तद्भव सबद तथा रोम का तद्भव रोआं है। कास तत्सम है इसका तद्भव खांसी है।

**53. Ans: D**

**Solution:** चमगादड़ तद्भव शब्द है इसका तत्सम 'चर्मचटक' होता है।

जबकी चत्वर 'चबूतरा' का तत्सम शब्द है।

**54. Ans: A**

**Solution:** तद्भव से तत्सम बना सही शब्द-युग्म पुरुषारथ- पुरुषार्थ है। जबकि अन्य विकल्पों में दिए गए सही शब्द-युग्म इस प्रकार हैं- भतीजा- भ्रातृज्य, खाट - खट्वा, सजाना- सज्जापन।

**55. Ans: C**

**Solution:** केस तद्भव शब्द है इसका तत्सम 'केश' है। जबकि आशीष कार्य तथा अग्नि तत्सम शब्द है इनके तद्भव क्रमशः असीस, काज तथा आग है।

**56. Ans: C**

**Solution:**

| तद्भव | तत्सम |
|---|---|
| फिटकरी | स्फटिक |
| पल्ला | पल्लव |
| नींबू | निम्बुक |
| तलवार | तखारी |

**57. Ans: C**

**Solution:** त्योहार तद्भव शब्द है जिसका तत्सम तिथिवार होता है जबकि तड़ाग, स्फूर्ति और दीपावली का तद्भव रूप क्रमशः तालाब फुर्ती और दिवाली होता है।

**58. Ans: A**

**Solution:** तद्भव- तत्सम का सही शब्द युग्म चौथा- चतुर्थ है। जबकि अन्य का सही रूप इस प्रकार है- इतना - इयत, अड़सठ- अष्टाजष्टि, इकतीस- एकत्रिंशत।

**59. Ans: B**

**Solution:** तद्भव- तत्सम का सही शब्द युग्म पुराना- पुराण या पुरातन होता है। जबकि अन्य विकल्प का सही रूप इस प्रकार है- चिड़िया- चटक, पनही- उपाहन, मौसी- मातृश्वसा।

**60. Ans: A**

**Solution:** विसरना तद्भव शब्द है इसका तत्सम रूप विस्मृति है। इसी प्रकार गुंठन का तद्भव घूंघट है। रिक्त का तद्भव रीता है तथा कटाह का तद्भव कड़ाह है।

Best Study के लिए हमारी App को Download करें GK Trick By Nitin Gupta

## Daily Current Affairs PDF, Best Test Series, Best GK PDF के लिए हमें Follow करें

**हमें FOLLOW करें**

- Telegram
- Whatsapp
- Instagram
- Apps
- Youtube

GK Trick By Nitin Gupta
The Ultimate Key to Success.

Welcome To

# GK TRICK BY NITIN GUPTA APP

## यहाँ पर आपको मिलेगा

- Best PDF Notes For All Exams
- Best Test Series For All Exams
- Daily Current Affairs PDF
- सभी Course बहुत ही कम Price पर
- सभी Test Detail Discription के साथ व Analysis करने को सुविधा

